उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 1169/2021 दिनांक/Date : 27-10-2021

संवाद–174

विषयः– दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को आयोजित विज्ञापन संख्या–25/UKSSSC/2020 पदनाम–कनिष्ठ सहायक व इंटरमीडिएट स्तरीय अन्य समान अर्हता वाले पदों की परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्रों के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा **दिनांक 31 अक्टूबर, 2021** को आयोजित कनिष्ठ सहायक व अन्य विभिन्न पदों, जो इंटरमीडिएट स्तर की अर्हता के हैं, के प्रवेश पत्र आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर जारी किये गये हैं। इसके बाद आयोग को ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा भी लगातार दूरभाष पर सम्पर्क किया जा रहा है जिन्होंने यह आवेदन नहीं किया बल्कि स्नातक स्तरीय पदों का आवेदन किया है। ऐसे अभ्यर्थी यह पूछ रहे हैं कि उन्हें उनका प्रवेश पत्र नहीं मिल रहा है।

इस संदर्भ में यह स्पष्ट करना है कि **वर्तमान में विज्ञापन संख्या–25/UKSSSC/2020 की लिखित परीक्षा हो रही है**। स्नातक स्तरीय पदों का विज्ञापन संख्या–29/UKSSSC/2020 है। इसका परीक्षा कार्यक्रम भी शीघ्र जारी किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों ने स्नातक स्तरीय पदों हेतु आवेदन पत्र भरा है उन्हें आवेदन संख्या के पूर्व GRD अंकित है अतः अभ्यर्थी अपना आवेदन संख्या देखें तथा निश्चित कर लें कि उन्होंने इंटरमीडिएट स्तरीय पदों का आवेदन किया है या नहीं। इसके उपरांत ही आयोग से जानकारी प्राप्त करें।

।। लिखित परीक्षा हेतु शुभकामनाओं के साथ।।

आयोग की ओर से,

27/10/21

(संतोष बडोनी)

सचिव।